**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक** : 21.10.2025 **समय** : 07.10AM

**प्रधानमंत्री,गृहमंत्री - नीति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस पर आज कर्मियों के साहस और कर्तव्य पालन में उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनका दृढ़ समर्पण राष्ट्र और लोगों को सुरक्षित रखता है। उन्होंने कहा कि संकट और ज़रूरत के समय में उनकी बहादुरी और प्रतिबद्धता सराहनीय है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पुलिसकर्मी आंतरिक सुरक्षा के खतरों को विफल करने के साथ-साथ अनुकरणीय साहस और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पुलिस स्मृति दिवस**

इधर राजधानी भोपाल में, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक प्रांगण में कर्तव्य पथ पर बलिदान देने वाले अमर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और सेवा भावना को नमन किया। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के अंतर्गत पुलिस के अधिकारी और जवान पूरी दृढ़ता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस कर्मियों के लिए 25 हजार से अधिक मकान बनाए जाएंगे। इसके साथ ही पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर भर्तियां भी की जा रही हैं। उधर, पन्ना पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। गुना में आयोजित कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक, न्यायिक एवं पुलिस अधिकारियों ने शहीदों को याद किया।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। भोपाल में आम उपभोक्ता नरेश ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये...

**गोबर्धन पूजा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के रविंद्र भवन में आज राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए हम दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन को भी निरंतर बढ़ावा दे रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री निवास पर डॉ.यादव ने "गोवर्धन पूजा" कर सभी के मंगल, कल्याण और प्रदेश की समृद्धि की कामना की।

उधर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में गोवर्धन पूजा के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भगवान कृष्ण की लीलाओं से जुड़े इस पर्व पर जहां एक ओर श्रद्धा का सैलाब उमड़ा है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति और गौ-सेवा के प्रति सम्मान का भाव भी दिखाई दे रहा है। बैतूल में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गौशाला में गायों की पूजा कर उन्हें गोग्रास अर्पण किया।

**शिवराज-वेबसाइट**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीपावली के अवसर पर एक आधिकारिक वेबसाइट शुरू की है, जिस पर आम लोग सीधे संवाद कर सकेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर इसकी जानकारी साझा की। श्री चौहान ने बताया कि अब लोग इसके माध्यम से कोई भी समस्या की शिकायत और सुझाव भेजने के लिए लोग उनसे सीधे जुड़ सकेंगे।